आकाशवाणी शिमला
04.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ओ.पी.एस. लागू करने के कारण प्रदेश के खजाने पर विपरीत असर पड़ा है। इसके बावजूद सरकार ने एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया है और यह फैसला राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि मानवीय आधार पर लिया गया है ताकि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी एक सम्मानजनक जीवन जी सके। धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने इस फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इसके कारण केंद्र सरकार ने हिमाचल की हर साल अतिरिक्त कर्ज लेने की सीमा एक हजार 6 सौ करोड़ रुपए कम कर दी है, जिससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में 26 हजार 3 सौ 24 कर्मचारी व अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिनमें से 5 हजार 3 सौ 56 को ओपीएस दे दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों और अधिकारियों का एनपीएस का लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का हिस्सा केंद्र सरकार के पास जमा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस पैसे को हासिल करने के लिए प्रयासरत है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मामले में सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

प्वाइंट ऑफ आर्डर

छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में बीते रोज हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने आज विधानसभा से वाकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रश्नकाल के तुरंत बाद प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत यह मामला उठाया और कहा कि एसडीएम धर्मशाला ने विद्यार्थी परिषद को टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक विरोध मार्च की अनुमति दी थी। इसकी सूचना एसडीएम ने संबंधित एसएचओ को भी दी थी। इसके बावजूद पुलिस ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भी सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कल सदन में कहा था कि विद्यार्थी परिषद को विरोध मार्च की अनुमति नहीं दी थी। जयराम ठाकुर ने शिमला में एस.डी.एम. शहरी द्वारा दृष्टिहीनों के साथ की गई बदसलूकी का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सदन से वाकआउट कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने बीते रोज भी सदन में कहा था कि विद्यार्थी परिषद को केवल विरोध मार्च की इजाजत थी न कि धरने या रैली की।

भाजपा प्रदर्शन

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों के विरोध में आज जोरावर स्टेडियम धर्मशाला में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल को भरपूर आर्थिक मदद दी लेकिन कांग्रेस ने केवल राजनीति ही की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने

अपने संबोधन में कहा कि ये एक रैली नहीं बल्कि कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश का विस्फोट है।

<u>आइस स्केटिंग</u>

राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित ऐतिहासिक प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में आज से स्केटिंग के सत्र शुरू हो गए हैं। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के महासचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि आज सुबह स्केटिंग का पहला सत्र करवाया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार एक सप्ताह पहले स्केटिंग शुरू हो गई है।

---